भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1425

उत्तर देने की तारीख : 12.12.2023

संभव-2023

1425. श्री सुधीर गुप्ता:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :
श्री प्रतापराव जाधव :

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एसोसिएशन फॉर लर्निंग परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड नॉर्मल एक्शन सोसाइटी (अल्पना) द्वारा दिव्यांग (शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग) कलाकारों द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम 'संभव-2023'का आयोजन किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्यक्रम में आयोजित उत्सवों, कार्यक्रमों और समारोहों का ब्यौरा क्या है और उक्त आयोजन में भाग लेने वाले देशों के नाम क्या हैं;

(ग) उक्त कार्यक्रम के आयोजन पर कुल कितना व्यय हुआ है;

(घ) चालू वर्ष के दौरान अल्पना द्वारा दिव्यांगजनों के लिए आयोजित वेबिनार, कला और शिल्प कार्यशाला, संगोष्ठी, नृत्य और संगीत विधाओं आदि संबंधी कार्यशालाओं का ब्योरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार दिव्यांग लोगों को स्वतंत्र बनाने और उनकी आजीविका कमाने के लिए अल्पना को कोई निधि प्रदान करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और चालू वर्ष के दौरान कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है ?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क) से (ङ): सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम 'संभव-23'के आयोजन के लिए एसोसिएशन फॉर लर्निंगपरफॉर्मिंग आर्ट्स एंड नॉर्मेटिव एक्शन सोसाइटी (अल्पना) को कोई अनुदान जारी नहीं किया है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 86 के प्रावधानों के आलोक में दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय निधि का गठन किया है, ताकि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए प्रासंगिक कुछ मुख्य क्षेत्रों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके, जो सरकार के किसी भी बजटीय सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत शामिल नहीं हैं।इस योजना के तहत दिनांक 18-19 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए अल्पना के लिए 20 लाख रुपये अनुमोदित किए गए थे, जिसमें दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प,चित्रों सहित उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा और दिव्यांगजनोंके लिए राष्ट्रीय निधि के तहत हस्तशिल्प निर्माण और चित्रकला पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। दिनांक 3 जुलाई, 2023 को पहली किस्त के रूप में 10 लाख रू. जारी की गई है।

*****